प्रैस विज्ञप्ति

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि लोक सभा आम चुनाव, 2024 के मतों की गिनती राज्य की सभी 10 लोक सभा चुनाव क्षेत्रों के लिए स्थापित 90 मतगणना केन्द्रों पर दिनांक 04.06.2024 को प्रातः 8:00 बजे शुरू हो जायेगी। मतगणना समय, विधि एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न हो, इसके सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी 10 (दस) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतों की गिनती के लिए कुल 90 मतगणना केन्द्र स्थापित किये गये हैं। मतगणना आयोग की हिदायतानुसार की जा रही है, के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना केन्द्र पर मतगणना प्रवेक्षक नियुक्त किये गए हैं । उन्होनें यह भी बताया कि मतगणना से सम्बन्धित किसी प्रकार की सूचना या शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर 0172–1950, कन्ट्रोल रूम दूरभाष 0172–2701362 तथा ईमेल hry_elect@yahoo.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।